Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 25 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-25-march-2020

एबेल पुरस्कार (Abel Prize)

नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर (Norwegian Academy of Science and Letters) ने हाल ही में वर्ष 2020 के एबेल पुरस्कार (Abel Prize) देने की घोषणा की है। इस वर्ष यह पुरस्कार दो गणितज्ञों इजरायल के हिलेल फुरस्टेनबर्ग (Hillel Furstenberg) एवं रूसी-अमेरिकी ग्रेगरी मारगुलिस (Gregory Margulis) को दिया जाएगा। दोनों ही लोगों को गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए सम्मानित किया गया है, ध्यातव्य है कि उन्होंने उन्होंने गणित के विविध क्षेत्रों में गहरी समस्याओं को हल करने के लिये संभाव्य तरीकों (Probabilistic Methods) का उपयोग किया है। एबेल पुरस्कार 1 जनवरी, 2002 को स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट वैज्ञानिक कार्यों को करना है। इस पुरस्कार के तहत 7.5 मिलियन नॉर्वेजियन क्रोनर (625000 अमेरिकी डॉलर) की राशि प्रदान की जाती है। उल्लेखनीय है कि गणित के क्षेत्र में कोई नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है। गणित का सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार 'फील्ड मेडल' (Fields Medal) है जो कि 40 वर्ष तक के गणितज्ञों को प्रत्येक 4 वर्ष पर प्रदान किया जाता है।

मनु डिबंगो (Manu Dibango)

प्रसिद्ध अफ्रीकी गायक और सैक्सोफोन वादक (Saxophone Player) मनु डिबंगो का कोरोनोवायरस (COVID-19) के कारण 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। मनु डिबंगो का जन्म 12 दिसंबर, 1933 को फ्रेंच कैमरून (French Cameroon) में हुआ था। मनु डिबंगो को वर्ष 1972 में जारी उनके गाने 'सोल मकोसा' (Soul Makossa) के लिये जाना जाता था। सोल मकोसा वैश्विक संगीत परिदृश्य में सबसे शुरुआती हिट गानों में से एक था। मनु डिबंगो इस बात के लिये भी काफी प्रसिद्ध है कि उन्होंने वर्ष 2009 में माइकल जैक्सन और रिहाना के खिलाफ संगीत चोरी करने का मुकदमा दायर किया था।

भारत-फ्रांँस संयुक्त गश्त

भारतीय और फ्रांसीसी नौसेना ने रीयूनियन द्वीप (Reunion Island) से पहली बार संयुक्त गश्त का आयोजन किया। भारतीय दृष्टिकोण से इसके आयोजन का मुख्य लक्ष्य हिंद महासागर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना और विदेशी भागीदारों के साथ साझेदारी में सुधार करना था। यह अभ्यास पूर्वी अफ्रीकी तटरेखा से लेकर मलक्का जलडमरूमध्य तक किया गया। भारत ने अब तक इस प्रकार की संयुक्त गश्त का आयोजन केवल अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ किया है, इससे पूर्व भारत ने अमेरिका के साथ इसी प्रकार के एक अभ्यास में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। संयुक्त गश्त भारतीय नौसेना के क्षमता निर्माण की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है।

भारत का पहला कोरोनावायरस समर्पित अस्पताल

हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) ने 100 बेड की क्षमता वाले भारत के पहले कोरोनावायरस (COVID-19) समर्पित अस्पताल की स्थापना की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने सरकार की मदद के लिये महाराष्ट्र के मुंबई में एक अस्पताल का निर्माण करवाया है जो पूर्ण रूप से कोरोनावायरस के मरीज़ों के लिये समर्पित है। यह अस्पताल कोरोनावायरस से निपटने के लिये सभी तरह की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इसके अलावा रिलायंस फाउंडेशन कोरोनावायरस (COVID-19) की जाँच हेतु टेस्ट किट भी आयात कर रहा है।